तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि वनांचल भूमि

रायपुर, शुक्रवार 17 अक्टूबर 2025

[ बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर ]



02 ग्रामीण डाक जीवन बीमा से मृतक के परिजन ...





02 स्थानीय बेरोजगारों को तृतीय-चतुर्थ वर्ग की ...




## खबर संक्षेप

### शिक्षक और बच्चों ने दिया योगदान, मिला सम्मान



**जगदलपुर।** स्वदेशी मेला में योगदान देने वाले भगत सिंह स्कूल के व्याख्याता अनिल शुक्ला को वन मंत्री केदार कश्यप ने शील्ड प्रशस्तिपत्र एवं मोमेंटो प्रदान किया। संगोष्ठी में द्वितीय स्थान उन्हें मिला। इसी शाला की छात्रा कु रिद्धिमा चित्रकला में प्रथम और कु हर्षिता केश सज्जा में द्वितीय रही। प्राचार्य विनीता बेंजामिन एवं स्टॉफ ने इसे शाला की उपलब्धि बताया।

### सैनिक स्कूल में प्रवेश 30 तक, प्रक्रिया शुरू

**जगदलपुर।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के तहत अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। कक्षा 6 वीं और कक्षा नवमीं में प्रवेश के इच्छुक छात्र आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से 30 अक्टूबर तक फॉर्म भर सकते हैं। आवेदन शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर निर्धारित की गई है, जबकि फॉर्म में सुधार के लिए करेक्शन विंडो 2 से 4 नवंबर 2025 तक खुली रहेगी। प्रवेश परीक्षा अगले साल जनवरी 2026 में देश भर के विभिन्न केंद्रों पर ओएमआर शीट पर पेन और पेपर मोड में आयोजित की जाएगी।

# दिवाली उपहार मिला तो बच्चों की आंखों की चमक व मासूम हंसी ने सबका मन मोह लिया

## नक्सल पीड़ित बच्चों के साथ शिक्षकों ने दीपावली सेलिब्रेट किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय के व्यवसायिक प्रबंधन अध्ययनशाला के शिक्षक और विद्यार्थियों ने गुरुवार को शिवानंद आश्रम में रह रहे नक्सल पीड़ित बच्चों के साथ दिवाली त्योहार सेलिब्रेट किया।

इस दौरान आश्रम में बच्चों के लिए दीया सजावट प्रतियोगिता, एक मिनट की मनोरंजक गतिविधियां और अन्य खेलों का आयोजन किया गया,जिसमें बच्चों ने बड़ी ही उत्सुकता और खुशी के साथ भाग लिया। उनकी आंखों की चमक और मासूम हंसी ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को फुलझड़ी,चकरी, अनार आदि पटाखे तथा मिठाइयों के उपहार वितरित किए गए। प्रबंधन विभाग ने यह सन्देश दिया की दिवाली सिर्फ रोशनी और मिठास का ही नहीं,बल्कि संवेदनाओं और सामाजिक उत्तरदायित्व का पर्व भी है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लाना था, बल्कि विद्यार्थियों को यह एहसास दिलाना भी था कि समाज ▶▶| शेष पेज 2 पर

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर डॉ. रश्मि देवांगन, विभागाध्यक्ष, प्रबंधन विभाग ने कहा जब तक हमारे विद्यार्थी समाज के वंचित वर्ग के प्रति संवेदनशील नहीं होंगे तब तक शिक्षा अधूरी है। छोटी-छोटी पहल भी किसी के जीवन में बड़ा बदलाव ला सकती हैं। कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक शिवम सोनवानी और सृष्टि भूतड़ा एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।





## कार्रवाई : टाकरागुड़ा बेलर रोड में अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले

# एमपी की 6.40 लाख की 100 पेटी शराब बरामद, आरोपी वाहन छोड़कर हुए फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शराब तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए बड़ाजीं पुलिस ने शराब का जखीरा बरामद किया है। जब्त शराब व वाहन की अनुमानित कीमत 13.40 लाख रूपए आंकी गई है।

शराब तस्करी की सूचना पर एसपी शलभ कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन, एएसपी महेश्वर नाग के निर्देश व एसडीओपी लोहंडीगुड़ा ईश्वर त्रिवेदी के पर्यवेक्षण में अवैध शराब बिक्री परिवहन करने वाले के विरूद्ध कार्यवाही करने एवं प्रभावी रूप से अंकुश लगाने निर्देशित किया गया था। जिसके बाद बड़ाजीं थाना प्रभारी निरीक्षक केशरीचन्द साहू के नेतृत्व में टीम गठित किया गया था। टीम को सूचना मिली थी कि तीन गाडियों में मध्यप्रदेश निर्मित अंग्रेजी शराब अवैध रूप से विक्रय के लिए परिवहन किया जा रहा है। टीम ने ग्राम टाकरागुड़ा -बेलर रोड में पहुंचकर रेड किया। शराब रेड के दौरान बोलेरो मैक्स वाहन क्रमांक सीजी 17 एलए 9565 को घेराबंदी कर पीछा किया जा रहा था इसी दौरान वाहन चालक वाहन को वापस मोड़कर भागने लगा। पीछा कर रही पुलिस टीम को देखकर वाहन चालक वाहन को टाकरागुडा बेलर रोड सड़क किनारे खड़ा कर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार होने में कामयाब रहा। वाहन के तलाशी के दौरान एमपी राज्य निर्मित गोवा विस्की अंग्रेजी शराब का 100 पेटी बरामद कर मौके पर जब्त किया गया। मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है।



### इनकी रही अहम भूमिका

शराब तस्करों को पकड़ने में निरीक्षक केशरीचंद साहू के अलावा एएसआई पुरुषोत्तम नायडू, प्रधान आरक्षक रघुराज नाग, लालाराम ध्रुव, अशोक मण्डावी, सोमेंदु चक्रवर्ती, आरक्षक सुखमन पांडेय, जगत नाग, सुबरू कश्यप व विनायक नाग की अहम भूमिका रही। इससे पूर्व भी भानपुरी पुलिस ने लाखों रूपए की शराब के साथ तीन जिले के सात तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

# स्केटिंग प्रतियोगिता में बच्चों ने लहराया बस्तर का परचम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ महापौर ने दुलारा और सराहा

छत्तीसगढ़ रोलर स्केट स्पोर्ट चैंपियनशिप में बस्तर रोलर स्केटिंग क्लब के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन कर बस्तर और क्लब का नाम रोशन किया है। अंडर 6 वर्ष से 17 वर्ष से ऊपर के बच्चों ने प्रतियोगिता में भाग ले के मेडल हासिल किया। कोच इरफान खान ने बच्चों के हौंसला अफजाई करते हुए आगे और भी प्रतियोगिता मे हिस्सा लेने को कहा है। माता पिता भी बच्चो के शानदार प्रदर्शन से खुशी जाहिर किए है। 10 बच्चों ने मेडल पाया उनमें लिपिका साहू 1, गोल्ड 1, रजत 1, कांस्य, तेजस गहलोत 1 रजत, अनिकेत मिश्रा 1 गोल्ड, कायरा थॉमस 2 कांस्य, मेघा साह 1 गोल्ड 1 रजत 2 कांस्य, वैभव सिंह 1 कांस्य आरोही लाहोटी 1 कांस्य, नैना साओ 3 रजत, अर्शिया फातिमा 3 गोल्ड, ऋषित वर्मा 1 रजत 2 कांस्य कुल 22 मेडल प्राप्त किया। महापौर संजय पांडे ने बच्चों को ग्राउंड में आशीर्वाद दिया।

# बेघर हुए लोगों को बसाने का जल्द हो प्रयासः कोमल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ कलेक्टर से मिलकर कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

रेलवे प्रशासन द्वारा संजय गांधी वार्ड में 34 मकानों को तोड़ा गया। उन परिवारों के लिए अस्थायी आवास, भोजन एवं सहायता की व्यवस्था सहित पुनर्वास किया जाए। आज बस्तर जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य की उपस्थिति में उपनेता प्रतिपक्ष कोमल सेना ने कलेक्टर एस हरीश को ज्ञापन सौंपा।

उन्होंने बताया कि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान कई परिवारों के मकान तोड़े जा चुके हैं। इन प्रभावित परिवारों के समक्ष वर्तमान में आवास,भोजन एवं आवश्यक जीवनोपयोगी वस्तुओं की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। कांग्रेस पार्टी मांग करती है कि प्रभावित परिवार जिनकी संख्या लगभग 150 है और जिनका घर तोड़ दिया गया है उन्हें पुनर्वास नीति के तहत उचित मुआवजा एवं स्थायी भूमि, आवास प्रदान किया जाए। जिनका आवास तोड़ा जाने वाला है उन परिवारों कि व्यवस्थापन किए जाने तक तोड़ा ना जाए। इस दिशा में जिला प्रशासन मध्यस्थता कर रेलवे प्रशासन से रोकने का प्रयास करें। प्रभावित नागरिकों के पुनर्वास एवं मुआवजा के लिए उचित नीति एवं योजना बनाई जाए। ताकि उन्हें पुनः बसने में सहायता मिल सके। प्रभावित परिवारों का सर्वे कर उनकी संख्या, सामाजिक-आर्थिक स्थिति एवं आवश्यकताओं की रिपोर्ट प्रस्तुत करने की मांग की गई।

### ये रहे उपस्थित

*इस दौरान पूर्व विधायक रेखचंद जैन, नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी, लता निषाद, विक्रम सिंह डांगी, सूर्यापानी, सुशीला बघेल, गुरमीत कौर, जस्टिन भवानी, राकेश मोर, कमलेश पाठक, एस नीला सहित बड़ी संख्या में पीड़ित परिवार के सदस्य मौजूद रहे।*

# जिस विभाग की जमीन उससे नहीं ली गई एनओसीः चौधरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ नजूल विभाग पर कांग्रेस ने लगाया प्रश्नचिन्ह

नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी के नेतृत्व में कांग्रेस के पार्षददल द्वारा मल्टी स्टोरी पार्किंग के मामले में नजूल अधिकारी को अपर कलेक्टर व संभाग आयुक्त के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

चौधरी ने बताया कि प्रतापगंज पारा स्थित शासकीय भूमि सीट नंबर 78 प्लॉट नंबर 168 क्षेत्रफल 15318 जो लोक निर्माण विभाग की जमीन थी। उक्त जमीन में मल्टी स्टोरी पार्किंग बनाने पूर्व कलेक्टर, नगर निगम व लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के बीच बात हुई थी। मल्टी स्टोरी पार्किंग के लिए भूमि को आरक्षित रखा गया था। कोरोना काल होने के कारण आधिकारियों का ध्यान इस ओर से हट गया। वर्तमान में उक्त भूमि को अन्य प्रयोजन हेतु आवंटित करने की प्रकिया शुरू की गई है। जिसके तहत कई विभागों से अनापत्ति प्रमाण पत्र मंगाया गया है।

लोक निर्माण विभाग से अनापत्ति नहीं ली गई है ना ही प्रताप देव वार्ड के नगारिकगणों से अनापत्ति ली गई ना ही वार्ड पार्षद से कोई राय ली गई । जबकि पहली प्रक्रिया में इनकी सहमति आवश्यक थी। उन्होंने कहा जिन विभागों से अनापत्ति ली गई वह भी एक मत नहीं है। क्योंकि कुछ विभाग उक्त भूमि पर आवासीय सह व्यवसायिक प्रयोजन हेतु अनापत्ति दी है। कुछ विभाग अन्य प्रयोजन हेतु अनापत्ति दी है ऐसे में आपके विभागीय कार्य पर भी प्रश्न उठाए जा रहे हैं। आपके द्वारा दोनों स्थानीय समाचार पत्रों में ही इश्तहार छपाने के लिए निर्देशित किया गया ▶▶| शेष पेज 2 पर

# कांग्रेस बताए की 20 मिनट में क्यों भागे पार्षदः अवस्थी



**जगदलपुर।** पलायन करना कांग्रेस का चरित्र हो गया है। जब कांग्रेस नगर निगम में सत्तासीन थी तब भी भाजपा का सामना करने के भय से बहुमतधारी पार्षद शहर छोड़ कर रायपुर राजधानी भाग जाते थे। अभी भी समस्त पार्षद सामान्य सभा से मात्र 20 मिनट में भाग खड़े हुये। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी व पार्षद आलोक अवस्थी ने जारी बयान में ▶▶| शेष पेज 2 पर



## रोज हाथ धुलाई कर बीमारियों से बचें

**जगदलपुर।** साफ हाथ, सेहत के साथ के मूल मंत्र को लेकर प्राचार्य के नेतृत्व में हाथ धुलाई दिवस का आयोजन हायर सेकेंडरी भगत सिंह स्कूल में किया गया। जिसमें हाथ धुलाई के आठ स्टेप्स व्याख्याता अनिल शुक्ला ने बताया। प्राचार्य विनीता बेंजामिन ने कहा साबुन पानी से हाथ ▶▶| शेष पेज 2 पर










**खबर संक्षेप**

## करुणा आश्रम चिकलपुट्टी में मानसिक स्वास्थ्य जांच शिविर



**कोण्डागांव।** कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के निर्देशन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर. के. चतुर्वेदी के मार्गदर्शन तथा जिला नोडल अधिकारी डॉ. आर. के. चंद्रवंशी के नेतृत्व में करुणा आश्रम, चिकलपुट्टी रिंग रोड मानसिक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों द्वारा मरीजों की जांच, उपचार एवं परामर्श प्रदान किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा यह पहल राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत की गई है जिससे मानसिक रोगियों को समाज की मुख्यधारा में जोड़ा जा सके। मानसिक स्वास्थ्य माह 10 अक्टूबर से 10 नवंबर तक मनाया जा रहा है। इस अवधि में विभाग द्वारा तनाव प्रबंधन कार्यशाला, आत्महत्या रोकथाम सत्र, जीवन कौशल प्रशिक्षण, मानसिक स्वास्थ्य जांच शिविर और जन–जागरूकता कार्यक्रम प्रतिदिन आयोजित किए जा रहे हैं। जिले के शैक्षणिक संस्थानों और सुरक्षा बलों के कैम्पों में भी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में जिला मानसिक स्वास्थ्य टीम की क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट सुश्री मधु बघेल और साइकेट्रिक नर्स दिव्यांशु चौधरी की सक्रिय भूमिका रही। उन्होंने प्रतिभागियों को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व, स्व–देखभाल और सहायता प्राप्त करने के उपायों के बारे में जानकारी दी।

## सैनिक स्कूल अम्बिकापुर में प्रवेश के लिए 30 तक लेंगे आवेदन

**कोण्डागांव।** शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए सैनिक स्कूल अम्बिकापुर में कक्षा 6वीं और 9वीं में प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस प्रवेश परीक्षा का आयोजन राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी 30 अक्टूबर 2025 की शाम 5 बजे तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। सैनिक स्कूल में प्रवेश के इच्छुक छात्र–छात्राएं राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के साथ आवश्यक दस्तावेज, फोटो और प्रमाण पत्र अपलोड करना अनिवार्य है। आवेदन पत्र भरने से पहले अभ्यर्थियों को दिशा–निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ने की सलाह दी गई है। सैनिक स्कूलों में प्रवेश अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा के माध्यम से किया जाता है। परीक्षा के बाद चयन सूची में स्थान प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को चिकित्सा परीक्षण और दस्तावेज़ सत्यापन की प्रक्रिया से गुजरना होगा। इच्छुक अभ्यर्थी अधिक जानकारी के लिए आधिकारिक वेबसाइट पर विस्तृत दिशा–निर्देश देख सकते हैं।

## पशु पक्षी प्रदर्शनी एवं पशु मेले का आयोजन आज से

**कोण्डागांव।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रजत महोत्सव के अंतर्गत पशुधन विकास विभाग कोंडागांव द्वारा 17 से 24 अक्टूबर तक पशुधन जागृति अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान विभागीय योजनाओं की जानकारी, उपलब्धियों की प्रदर्शनी, संगोष्ठी, और सफलता की कहानियों का प्रस्तुतीकरण किया जाएगा। साथ ही सेक्स सोर्टेड सीमेन से कृत्रिम गर्भाधान, टीकाकरण, बधियाकरण, और पशु बाँझपन उपचार शिविर भी आयोजित किए जाएंगे। पशुपालकों को केसीसी ऋण, पशुधन बीमा योजना, और अन्य लाभकारी योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाया जा सके। फरसगांव 17 अक्टूबर, कोण्डागांव 18 अक्टूबर, माकडी 22 अक्टूबर, बड़ेराजपुर 23 अक्टूबर, केशकाल 24 अक्टूबर को आयोजित होगा। मेले में उन्नत नस्ल के पशु–पक्षियों की प्रदर्शनी, बहुउद्देशीय पशु चिकित्सा शिविर, निःशुल्क एंटीरेबीज टीकाकरण, और धान पैरा यूरिया उपचार प्रदर्शन भी किया जाएगा।

# ग्रामीण डाक जीवन बीमा से मृतक के परिजन को मिली आर्थिक सहायता

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

ग्रामीण अंचलों में लोगों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने वाली ग्रामीण डाक जीवन बीमा आर.पी.एल.आई. योजना के अंतर्गत विकासखंड केशकाल के ग्राम मस्सूकाकोड़ा, पिपराबहिगांव निवासी स्वर्गीय कांतिलाल सिन्हा के परिवार को मृत्यु दावा राशि 2,03,000 रुपये प्रदान की गई। स्व. कांतिलाल सिन्हा ने भारतीय डाक विभाग की ग्रामीण डाक जीवन बीमा योजना के तहत एक लाख रुपये का बीमा कराया था। उनके निधन के पश्चात विभाग द्वारा उनके नामांकित वारिस श्रीमती प्रेमलता सिन्हा को बीमा दावा राशि स्वीकृत की गई। उपसंभागीय निरीक्षक डाक फरसगांव सुभाष कुमार भुआर्य स्वयं मृतक के परिजनों के घर पहुँचे और दावा प्रपत्र भरवाने की प्रक्रिया पूरी कराई। उन्होंने परिवार को यह जानकारी दी कि स्वीकृत राशि सीधे उनके डाक बचत खाते में जमा कर दी गई है। इस अवसर पर बेडमा शाखा डाकपाल ललित नेताम भी उपस्थित रहे।



### अधिकारियों ने घर पहुंचकर की मदद

बीमा राशि प्राप्त होने पर स्व. कांतिलाल सिन्हा के परिवारजनों ने भारतीय डाक विभाग के प्रति आभार और धन्यवाद व्यक्त किया। परिवार ने बताया कि वे स्वयं भी डाक विभाग की बीमा योजनाओं से जुड़े हुए हैं, जो भविष्य में उन्हें आर्थिक सुरक्षा प्रदान करेंगी। यह पहल भारतीय डाक विभाग के ग्राहक सेवा ही सर्वोपरि सिद्धांत को साकार करती है, जिससे ग्रामीण अंचलों में विभाग की विश्वसनीयता और जनसेवा की भावना और अधिक सशक्त हो रही है।

**आंदोलन :** खनिज संपदा के दोहन में सहकारी समितियों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर भी जोर

# स्थानीय बेरोजगारों को तृतीय-चतुर्थ वर्ग की नौकरियों में प्राथमिकता देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी सीपीआई जिला परिषद ने बुधवार को राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम पर ज्ञापन एसडीएम कोंडागांव को सौंपा। ज्ञापन में बस्तर संभाग के स्थानीय शिक्षित बेरोजगारों को तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी की नौकरियों में प्राथमिकता देने तथा खनिज संपदा के दोहन को केवल स्थानीय सहकारी समितियों के माध्यम से संचालित करने की मांग की गई है।

सीपीआई नेताओं ने कहा कि बस्तर संभाग एक आदिवासी बाहुल्य और सामाजिक रूप से पिछड़ा क्षेत्र है, जिसे संविधान की पाँचवीं अनुसूची के तहत विशेष संरक्षण प्राप्त है। इसके बावजूद वर्तमान में तृतीय और चतुर्थ श्रेणी की भर्तियों में बाहरी जिलों के अभ्यर्थियों को शामिल किया जा रहा है, जिससे स्थानीय युवाओं के अधिकारों का हनन हो रहा है। पार्टी ने चेतावनी दी कि यह स्थिति स्थानीय युवाओं में गहरी निराशा और असंतोष पैदा कर रही है।

### सीपीआई का राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम पर ज्ञापन



### नहीं सुनी गई मांगें तो होगा जनांदोलन

*पार्टी नेताओं ने कहा कि यदि शासन–प्रशासन ने इन दोनों प्रमुख मांगों पर शीघ्र एवं ठोस निर्णय नहीं लिया, तो सीपीआई जिला परिषद बस्तर के जन समर्थन के साथ व्यापक जनांदोलन शुरू करेगी। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में आंदोलन की पूरी जिम्मेदारी शासन–प्रशासन की होगी।*

***ये रहे उपस्थित-*** *ज्ञापन सौंपने के दौरान राज्य परिषद सचिव मंडल सदस्य तिलक, जिला सचिव शैलेश, सह सचिव दिनेश, जयप्रकाश, लक्ष्मण, मुकेश, तथा सराद्दू, बिसम्बर, रिंकू, रामचंद, रमेश, रामसिंह, शिवशंकर, देवनाथ, गंदरू, सवालाल, लाल कुमार, रामकुमार, सुबरू आदि सदस्य उपस्थित रहे।*

### स्थायी नीति बनाकर स्थानीय भर्ती का अधिकार सुनिश्चित किया जाए

सीपीआई की प्रमुख मांग है कि शासन द्वारा एक स्थायी नीति बनाकर यह सुनिश्चित किया जाए कि बस्तर संभाग की सरकारी नियुक्तियों में केवल संभाग के स्थायी निवासियों को ही लाभ मिले। साथ ही, न्यायालय में प्रभावी पैरवी कर स्थानीय भर्ती के अधिकार को संविधान और पाँचवीं अनुसूची के अनुरूप पुनः बहाल करने की मांग की गई है।

### खनिज संपदा का दोहन केवल स्थानीय सहकारी समितियों से कराया जाए

ज्ञापन में कहा गया है कि बस्तर की खनिज संपदा, जल–जंगल–जमीन और पर्यावरण इस क्षेत्र की जीवनरेखा हैं। निजी व बहुराष्ट्रीय कंपनियों को दी जा रही खनिज लीज आदिवासी समाज की आजीविका और संस्कृति के लिए खतरा बन रही है। सीपीआई ने मांग की है कि सभी खनिज उत्खनन कार्य केवल स्थानीय सहकारी समितियों या सार्वजनिक उपक्रमों के माध्यम से हों। खदान की लीज देने से पहले संबंधित ग्राम सभा की अनुमति अनिवार्य की जाए। निजी कंपनियों को नई लीज देने की प्रक्रिया पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए। एनएमडीसी, नगरनार स्टील प्लांट सहित अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में ठेकेदारी प्रथा समाप्त कर स्थायी रोजगार नीति बनाई जाए।

# भारतीय ज्ञान परंपरा वर्तमान और भविष्य की दिशासूचकः डॉ. आत्रम



**कोण्डागांव।** शासकीय गुंडाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मंगलवार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 क्रियान्वयन प्रकोष्ठ एवं भारतीय ज्ञान परंपरा, देशज संसाधन एवं संस्कृति प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में भारतीय ज्ञान परंपरा बस्तर के विशिष्ट संबंध में विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुआ। संगोष्ठी में बस्तर की परंपराओं, लोक संस्कृति और भारतीय ज्ञान प्रणाली के गहरे संबंध पर वक्ताओं ने अपने विचार रखे। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सरला आत्रम ने स्वागत उद्बोधन में कहा भारतीय ज्ञान परंपरा केवल अतीत का गौरव नहीं, बल्कि वर्तमान और भविष्य के लिए दिशा–सूचक दीप है। बस्तर की संस्कृति और लोक परंपराएं इस अखंड भारतीय परंपरा का जीवंत उदाहरण हैं। नई शिक्षा नीति इस पारंपरिक ज्ञान को आधुनिक शिक्षा से जोड़ने का प्रयास कर रही है। विभागाध्यक्ष डॉ. किरण नुरूटी ने अपने वक्तव्य में कहा बस्तर का आदिवासी समाज भारतीय ज्ञान परंपरा का जीवंत रूप है। यहाँ के त्योहार, नृत्य, गीत और कृषि पद्धतियाँ हमें सिखाती हैं कि ज्ञान केवल पुस्तकों में नहीं, बल्कि लोकजीवन और अनुभवों में निहित है। विशिष्ट अतिथि बलिराम नेताम, पूर्व सरपंच एवं समाजसेवी ने कहा आदिवासी समाज की जीवनशैली प्रकृति के प्रति गहरे सम्मान और संतुलन का पाठ पढ़ाती है। विशिष्ट अतिथि हर्ष लाहोटी, पूर्व छात्र एवं समाजसेवी ने कहा नई शिक्षा नीति केवल रोजगार नहीं, बल्कि जिम्मेदार नागरिकता और सृजनशीलता का बोध कराती है। आधुनिक तकनीक के साथ संस्कृति को जोड़ना ही सच्चा नवाचार है। कार्यक्रम का संचालन शशिभूषण कन्नौजे ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन शोभाराम यादव द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्राध्यापक डॉ. देवाशीष हालदार, रूपा सोरी, नसीर अहमद, डॉ. आकाश वासनीकर, अर्जुन सिंह नेताम, समलेश पोटाई, लोचन सिंह वर्मा सहित समस्त प्राध्यापकगण उपस्थित रहे। संगोष्ठी का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

**औषधीय पौधों में छिपा है भारत का वैश्विक योगदान : डॉ. त्रिपाठी-** मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ. राजाराम त्रिपाठी, संस्थापक माँ दंतेश्वरी हर्बल प्लांट, ने कहा बस्तर के वनों में छिपे औषधीय पौधे और परंपरागत चिकित्सा ज्ञान भारत की अनुपम धरोहर हैं। हमें इस ज्ञान को वैज्ञानिक अनुसंधान के साथ जोड़कर वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करने की आवश्यकता है।

# कमिश्नर ने कार्यालयों का किया निरीक्षण राजस्व प्रकरणों के निराकरण पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

- धान खरीदी एवं बस्तर ओलंपिक की तैयारियां करें : डोमन सिंह
- अधिकारी अनुशासन एवं जवाबदेही बनाए रखें



बस्तर संभाग के कमिश्नर डोमन सिंह ने बुधवार को कोण्डागांव जिले के विभिन्न शासकीय कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने दस्तावेजों के सुव्यवस्थित संधारण, नस्तियों और पंजियों के समय पर अद्यतन की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को अनुशासन एवं जवाबदेही बनाए रखने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने आगामी धान खरीदी सीजन एवं बस्तर ओलंपिक की तैयारियों का जायजा लेते हुए अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों को धान विक्रय में किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए बारदाना, परिवहन और तौल व्यवस्था पूर्व से तैयार रखें। बस्तर ओलंपिक को लेकर उन्होंने पंजीयन में तेजी लाने, जनजागरुकता कार्यक्रम आयोजित करने और समय–समय पर वीसी के माध्यम से प्रगति की समीक्षा करने के भी निर्देश दिए।

**ग्राम पंचायतों के नोडल अधिकारियों को दिए निर्देश –** जिला पंचायत कार्यालय के निरीक्षण के दौरान श्री सिंह ने कहा कि बस्तर ओलंपिक के सफल आयोजन के लिए सभी विभाग समन्वय से कार्य करें। उन्होंने ग्राम पंचायतों के नोडल अधिकारियों को नियमित रूप से मैदानी निरीक्षण करने, निर्माण कार्यों और शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करने और जनपदवार बैठकें आयोजित करने के निर्देश दिए।

**पारदर्शी तरीके से करें निराकरण–**कमिश्नर ने एसडीएम एवं तहसील कार्यालय का निरीक्षण करते हुए कहा कि राजस्व प्रकरणों, विशेषकर आरबीसी 6–4 से संबंधित मामलों का निराकरण समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से किया जाए। उन्होंने लंबित प्रकरणों की नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए।

**इनकी रही उपस्थिति** – इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर सहित विभिन्न विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# कन्या उमा स्कूल सम्बलपुर में छह शिक्षकों को दी गई विदाई



हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

- स्थानांतरण और पदोन्नति पर भावनात्मक माहौल में हुआ विदाई समारोह
- छात्राओं ने पारंपरिक वेशभूषा और नृत्य से किया शिक्षकों का स्वागत

शिक्षा विभागद्वारा संचालित शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सम्बलपुर में मंगलवार को स्थानांतरण एवं पदोन्नति पर छह शिक्षकों का ससम्मान विदाई समारोह हर्षोल्लासपूर्वक आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम विद्यालय में शिक्षकों के योगदान और उनके प्रति छात्रें के सम्मान की भावनाओं से सराबोर रहा।

छत्तीसगढ़ शासन एवं जिला प्रशासन के निर्देशानुसार गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा वर्ष 2025 के लिए शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण किया गया है। इसी क्रम में विद्यालय के पांच शिक्षकों का स्थानांतरण तथा एक शिक्षक का पदोन्नति के साथ अन्य संस्थान में पदस्थापना की गई है। कार्यक्रम में शिक्षकों का स्वागत छात्रें द्वारा पारंपरिक वेशभूषा, नृत्य और बाजे–गाजे के साथ किया गया। मुख्य द्वार से मंच तक पहुँचते समय छात्रें ने ढोल–नगाड़ों की थाप और पुष्प वर्षा से भावनात्मक माहौल बना दिया। कार्यक्रम का संचालन मन्नाराम नेताम ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य दामोदर सिंह ध्रुव ने की। मंचीय संबोधन के दौरान कई शिक्षकों और छात्राओं की आँखें नम हो गईं। छात्राओं ने शिक्षकों के सम्मान में सामूहिक नृत्य, एकल नृत्य और नाट्य कला का शानदार प्रदर्शन किया।

**अतिथियों ने शिक्षकों के योगदान को सराहा** – समारोह के मुख्य अतिथि बिहारी लाल देहारी, अंकालूराम सोनपिपरे, शिवलाल चंद्रवंशी, फलेश्वरी तिवारी, सुलेखा सागर और यास्मीन अली रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में बुधराम नेताम सरपंच, फूलचंद बघेल उप सरपंच, महेश नेताम, और पिताम्बर कश्यप उपस्थित रहे। अतिथियों ने शिक्षकों के समर्पण, अनुशासन और विद्यार्थियों के प्रति उनके स्नेह को प्रेरणास्पद बताया।

**शाल–श्रीफल और मोमेंटो देकर किया गया सम्मानित** – कार्यक्रम के समापन पर शिक्षक स्टाफ, छात्र–छात्राओं और पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा विदा ले रहे शिक्षकों को शाल, श्रीफल, मोमेंटो, पेन और डायरी भेंट किया गया। इस अवसर पर अर्पिता श्रीवास्तव, विद्या शार्दूल, दिनेश यादव, परमिला ठाकुर, रश्मि अग्रवाल, नंदा यादव, सविता प्रधान, आकाश देवांगन, तुलाराम साहू, तनुजा देवांगन, मालोविका चटर्जी सहित विद्यालय के सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

विद्यार्थी युवराज, मोहित, संध्या, नेहा, रोशनी, गोलू, सुमन, सरस्वती, हेमलता, नंदिनी, संतोषी, देवीका, बबली आदि ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया। सम्पूर्ण आयोजन विद्यालय परिवार और विद्यार्थियों की गुरु–शिष्य परंपरा के प्रति सम्मान और आत्मीयता का प्रतीक बना।

# शिक्षा की नींव में शिक्षक का अनुशासन, विद्यार्थियों के प्रति स्नेह अहम : शालिनी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य, समय पालन और रचनात्मक शिक्षण पद्धति के लिए सेजस अलनार की व्याख्याता नेहा श्रीवास को पोस्ट ऑफ द मंथ का सम्मान मिला। यह सम्मान लोहंडीगुड़ा की विकासखंड शिक्षा अधिकारी शालिनी तिवारी ने अपने कार्यालय में प्रदान किया।

विनोबा पोस्ट पूरे लोहण्डीगुड़ा विकासखंड में शिक्षकों के प्रदर्शन, नवाचार और शैक्षणिक अनुशासन के मूल्यांकन के आधार पर दिया जाने वाला एक सम्मान है। इस माह विनोबा पोस्ट को शिक्षण गुणवत्ता, विद्यार्थियों की भागीदारी और विद्यालय व्यवस्था में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सर्वश्रेष्ठ घोषित किया गया। संकुल समन्वयक सुकरु राम बघेल ने कहा शिक्षक जब अपने कार्य को जिम्मेदारी जुनून के साथ निभाता है तो पूरा ब्लॉक प्रेरणा से भर जाता है। नेहा श्रीवास का यह सम्मान पूरे लोहण्डीगुड़ा ब्लॉक के लिए गौरव की बात है। विकास खंड शिक्षा अधिकारी शालिनी तिवारी ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा शिक्षक समाज का निमार्ता है। जिस शिक्षक में समय की अनुशासनता, शिक्षण के प्रति लगन और विद्यार्थियों के प्रति स्नेह है, वही शिक्षा की सच्ची नींव रखता है। नेहा श्रीवास ने कहा यह पुरस्कार पूरे विद्यालय परिवार की मेहनत और सहयोग का परिणाम है।



**पशु चिकित्सकों की सूझबूझ से बची भैंस की जान ओटेंडा में सफल सीज़ेरियन ऑपरेशन**

# भैंस का सीज़ेरियन ऑपरेशन सफल, पशु चिकित्सकों की तत्परता से बची जान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

- दो दिन से प्रसव में असमर्थ भैंस की आपातकालीन सर्जरी, डॉक्टरों ने दिखाई दक्षता

जिले के ग्राम ओटेंडा में पशु चिकित्सा विभाग की टीम ने एक भैंस का सफल सीज़ेरियन सेक्शन ऑपरेशन कर उसकी जान बचाई। यह आपातकालीन सर्जरी जिले में पशु चिकित्सा सेवाओं की तत्परता और विशेषज्ञता का उत्कृष्ट उदाहरण बन गई है। पशु मालिक शिवलाल नेताम की आठ वर्षीय भैंस पिछले दो दिनों से प्रसव पीड़ा में थी, लेकिन सफल प्रसव नहीं हो पा रहा था। स्थिति गंभीर होने तक पशु मालिक ने किसी को सूचना नहीं दी। जब जानकारी मिली, तो पशु चिकित्सा दल तत्काल मौके पर पहुँचा।

निरीक्षण के दौरान पाया गया कि भैंस लेटे हुए अवस्था में थी और सामान्य प्रसव संभव नहीं था। चिकित्सकों ने जांच में पाया कि बछड़ा पूर्ण विकसित था, किंतु दुर्भाग्यवश मृत हो चुका था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए डॉ. सुरेंद्र मरकाम और एमवीयू मोबाइल वेटरनरी यूनिट के डॉक्टरों ने तुरंत निर्णय लेकर सीज़ेरियन सेक्शन ऑपरेशन किया। सर्जरी के माध्यम से मृत बछड़े को सुरक्षित रूप से बाहर निकाला गया। इस जटिल प्रक्रिया से भैंस की जान बचाई जा सकी।



### वर्तमान में भैंस पूरी तरह स्वस्थ

*ऑपरेशन के बाद भैंस को विशेष देखभाल में रखा गया। चिकित्सकों ने पशु को आवश्यक एंटीबायोटिक, एनाल्जेसिक और फ्लूड थैरेपी दी। वर्तमान में भैंस की स्थिति स्थिर है और वह स्वस्थ अवस्था में खड़ी है। इस सफल ऑपरेशन ने कोण्डागांव जिले में पशु स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और त्वरित प्रतिक्रिया प्रणाली को साबित किया है। ग्रामीणों ने डॉक्टरों की टीम की सराहना करते हुए कहा कि यदि समय पर चिकित्सा न मिलती, तो भैंस की जान नहीं बच पाती।*

**पेज 3 का शेष**

### दिवाली उपहार मिला...

के प्रति उनकी भी कुछ जिम्मेदारियां हैं। दिवाली केवल घरों में दीये जलाने का नाम नहीं, बल्कि किसी के जीवन में आशा की एक किरण बन जाने का अवसर है। कार्यक्रम के माध्यम से आश्रम के बच्चों के जीवन में खुशियों की नन्हीं सी लौ जलाने का प्रयास किया गया।

### जिस विभाग की...

है जो उचित नहीं है ।

**2 साल से लंबित कई मामले, इसमें जल्दी क्यों-** नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि आपके कार्यालय में साल दो साल से लंबित कई मामले पड़े हैं। इस मामले में रुचि का कारण समझ से परे है। कांग्रेस पार्षददल आग्रह करता है कि उक्त प्रकरण का पुनः परीक्षण कर अन्य प्रयोजन पर रोक लगाते हुए उक्त भूमि में मल्टी स्टोरी पार्किंग बनाने आबंटन की प्रक्रिया में सहयोग करें। इस दौरान उपनेता प्रतिपक्ष कोमल सेना,पार्षद सूर्यापानी, विक्रम सिंह डांगी, जाहिद हुसैन, सुशीला बघेल,गौतम पाणिग्रही, अफरोज बेगम, शुभम यदू, लोकेश चौधरी, राकेश मोर, जस्टिन भवानी, आभास महंती मौजूद रहे ।

### कांग्रेस बताये कि...

कहा कि कांग्रेस का यह आचरण स्पष्ट बताता है कि राजनीति जिम्मेदारी जवाबदारी नहीं बल्कि दुकानदारी है। जनता की सेवा और जनसमस्याओं के निदान से उनका कोई सरोकार नहीं है। उन्होंने सवाल करते हुये कहा कि क्या सत्ता सुख पाने का स्वप्न ध्वस्त होने के बाद विपक्ष का दायित्व निभाने में शर्म महसूस हो रही है। अब पत्र वार्ता और सड़क में हल्ला मचा कर आमजनता पर जताने की अशोभनीय राजनीति कर रहे हैं।

### रोज हाथ धुलाई...

धुलाई का महत्व हर बालक, बालिका को जानना चाहिए एवं हर घर में इसका पालन करें। इस अवसर पर मिसाइलमेन डॉ. अब्दुल कलाम के आदर्शों को जीवन में अपनाने की सलाह दी गई। रोशनी ने हाथ धुलाई से बीमारियों को रोकने का सरल एवं प्रभावशाली उपाय बताया गया। स्वच्छता से संबंधित नारे लगा कार्यक्रम की समापन किया गया।

## खबर संक्षेप

### एकेडमिक प्लानिंग एंड इवैल्यूएशन बोर्ड की बैठक



जगदलपुर। शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में सोमवार को एकेडमिक प्लानिंग एंड इवैल्यूएशन बोर्ड की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विकास संबंधी विभिन्न विषयों और कार्ययोजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान शोध छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान करने,पेटेंट के लिए राशि उपलब्ध कराने,बस्तर दशहरा एवं अन्य क्षेत्रीय संस्कृति पर शोध करने,एडवांस्ड रिसर्च सेंटर बनाने,अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं को स्टार्टअप से जोड़ने,एनआईआरएफ रैंकिंग के लिए प्रयास करने,विभिन्न शैक्षणिक कार्यों में गुणवत्ता बढ़ाने,विश्वविद्यालय परिसर के लिए और जमीन की व्यवस्था करने जैसे कई आवश्यक विषयों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर विवि के कुलपति प्रो मनोज कुमार श्रीवास्तव, कुलसचिव डॉ राजेश लालवानी, राज्यपाल के प्रतिनिधि महेंद्रकांत संगानी, जयराम दास सहित विद्या संबंधी योजना एवं मूल्यांकन बोर्ड के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### शरद उत्सव में उप शास्त्रीय संगीत का आयोजन



जगदलपुर। शहर के लागू वाटिका में मधुरिमा का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ ज्योति लागू,डॉ सुषमा झा, आभा सामदेकर,वंदना राठौर,संगीता शील,निशांत मिश्रा,अनिल राजवार,रमेश राव ने अपने गीत ग़ज़लों की सुमधुर प्रस्तुतियों से सबका मन मोह लिया। संगीतकार के रूप में तबला वादक मनीष मिश्रा थे और हारमोनियम पर निशांत मिश्रा के साथ ही गिटार पर रोहित मौर्य ने संगत दी। कार्यक्रम की विशेष प्रस्तुति में तीन युवा कलाकार शिवानी सामदेकर और तृषा थनथराटे ने गायन में तथा देवेश्वर साहा ने तबले पर अपनी लयकारी से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में मुकेश थनथराट ने हवाईन गिटार बजाकर विशेष प्रस्तुति दी और लोगों को मंत्रमुग्ध किया। मंच संचालन अभय सामदेकर और ऋतु त्रिवेदी ने किया। एक पौधा संगीत के नाम इस मुहिम के तहत सुषमा नेताम की और से कार्यक्रम से जुड़े हर सदस्य को पौधा वितरण किया गया। इसके साथ हीबलराम साबडेअरुण सरदार, केतन चौपड़ा ने मंच सज्जा,वीडियो रिकॉर्डिंग में अपना सहयोग दिया। आभार प्रदर्शन डॉ सुषमा झा ने किया।

# सीमावर्ती क्षेत्रों के चिन्हित 7 अलग-अलग स्थानों पर जांच नाका में होगी निगरानी

## समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए प्रशासन की तैयारी पूरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

राज्य शासन के निर्देशानुसार खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के तहत समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के दौरान पड़ोसी राज्यों से अवैध रूप से धान की आवक को रोकने सहित विशेष तौर पर सतत निगरानी रखने के लिए कलेक्टर हरिस एस के द्वारा जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों के 7 चिन्हित स्थानों पर जांच नाका स्थापित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

मिली जानकारी अनुसार तहसील जगदलपुर के धनपूंजी एवं भेजापदर, करपावण्ड तहसील के कोलावल, बदलावण्ड एवं पोटियावण्ड और बकावण्ड तहसील के नलपावण्ड एवं तारापुर में जांच नाका स्थापित की जाएगी। इन सभी जांच नाका में सप्ताह के सातों दिन 24 घण्टे निगरानी रखने के लिए राजस्व विभाग के तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक एवं पटवारी, मंडी समिति के मंडी निरीक्षक एवं मंडी उप निरीक्षक, वन विभाग के वनरक्षक और नगर सेना के नगर सैनिकों की नामजद रोस्टर अनुसार ड्यूटी लगाई गई है। उक्त सभी जांच नाकों को धान उपार्जन कार्य प्रारंभ होने के पूर्व ही शुरू किए जाने के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए गए हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कलेक्टर कॉन्फ्रेंस में साफ शब्दों में कहा था,कि जिस जिले में धान खरीदी में गड़बड़ी अथवा अनियमितता होगी,उस जिले के कलेक्टर के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। दो दिन पहले प्रदेश के मुख्य सचिव भी प्रदेश के समस्त कलेक्टरों को धान खरीदी के दौरान विशेष सतर्कता बरतने एवं सतत निगरानी सुचारू बनाने के निर्देश दिए है।



### सीमावर्ती क्षेत्रों में रहेगा फोकस

सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार बस्तर जिले के सीमावर्ती ओड़िसा से सटे चिन्हित क्षेत्रो में धान खरीदी के दौरान सबसे ज्यादा गड़बड़ी के मामले बनते है। इन क्षेत्रों में सबसे ज्यादा ओड़िसा से अवैध रूप से धान का परिवहन खरीदी के पहले शुरू हो जाती है। चूंकि दोनों क्षेत्र के सुदूर लेम्प्स सोसायटियों में जांच दल की निगरानी नही होती। दल केवल ब्लाक मुख्यालय अथवा उसके आसपास के लेम्प्स सोसायटियो में पहुंच खानापूर्ति करते नजर आते है। इधर इसी क्षेत्र के सरगीपाल, बजावण्ड, आसना, बस्तर क्षेत्र में भी धान माफिया सक्रिय हो जाते है।

## विश्व श्वेत छड़ी दिवस पर अनूठी पहल

# आंखों पर पट्टी बांधकर कलेक्टर रैली में हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

आड़ावाल स्थित शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ विद्यालय द्वारा बुधवार को विश्व श्वेत छड़ी दिवस अत्यंत उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर दृष्टि एवं श्रवण बाधित छात्र-छात्राओं द्वारा निकाली गई जनजागरूकता रैली में कलेक्टर हरिस एस ने एक प्रेरणादायक कदम उठाते हुए आंखों पर ब्लाइंडफोल्ड (पट्टी) बांधकर और हाथों में श्वेत छड़ी लेकर सहभागिता की। कलेक्टर के इस कार्य ने दिव्यांग बच्चों में आत्मविश्वास और उत्साह का संचार किया।

समाज कल्याण विभाग की उपसंचालक सुचिता लकड़ा ने भी रैली में भाग लेकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। यह रैली जगन्नाथ मंदिर से शुरू हुई और तिरंगा चैक, दंतेश्वरी मंदिर मार्ग से होते हुए सफलतापूर्वक जगन्नाथ मंदिर परिसर में संपन्न हुई। बच्चों ने श्वेत छड़ी दिवस से संबंधित स्लोगन और श्रवण बाधित बच्चों द्वारा बनाई गई पेंटिंग वाली तख्तियां प्रदर्शित कर समाज में जागरूकता का संदेश दिया। रैली के बाद विद्यालय परिसर में एक प्रेरणादायी सभा आयोजित की गई। सभा में नगर निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, पार्षद निर्मल पानीग्राही, पूनम सिन्हा, कुबेर देवांगन, समाजसेवी प्रशांत पानीग्राही और अनुप जैन ने भाग लिया और दृष्टिबाधित बच्चों को स्मार्ट किट प्रदान की।

कार्यक्रम के दौरान विश्व श्वेत छड़ी दिवस के महत्व पर भी विस्तार से प्रकाश डाला गया। यह दिवस दृष्टिबाधितजनों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि श्वेत छड़ी गतिशीलता, स्वतंत्रता और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है, जो उन्हें गरिमा के साथ समाज में आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। इस अवसर पर दृष्टिबाधित छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति दी गई, जिसकी उपस्थित सभी लोगों ने सराहना की। यह पूरा आयोजन प्रभारी अधीक्षक तोमेश्वर सिन्हा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ, जिसमें विद्यालय के समस्त शिक्षकगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।






# महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए बिहान योजना मील का पत्थर : विनायक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

लोहण्डीगुड़ा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत उसरीबेड़ा एवं तोकापाल विकासखण्ड के ग्राम परपा में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के अंतर्गत लोन मेला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में चित्रकोट विधायक विनायक गोयल उपस्थित रहे।

- 2 ब्लाक के हजारों दीदियों को मिला करोड़ों का लोन

लोहण्डीगुड़ा के कार्यक्रम में 13,334 दीदियां बिहान से जुड़ी हुई हैं, जिन्हें सामुदायिक आजीविका के लिए 11.30 करोड़ का लोन विभिन्न बैंकों के माध्यम से प्रदान किया गया। इसी प्रकार, तोकापाल ब्लॉक में 134,521 दीदियां मिशन से जुड़ी हुई हैं । जिन्हें 11.98 करोड़ का लोन बैंकिंग संस्थानों द्वारा प्रदान किया गया।

इस लोन मेले के माध्यम से महिला स्व-सहायता समूहों को विभिन्न स्वरोजगार एवं आयवर्धन गतिविधियों के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई गई। जिससे ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का अवसर प्राप्त होगा। कार्यक्रम में एसबीआई, आईडीबीआई, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, राज्य ग्रामीण बैंक सहित विभिन्न बैंकों के अधिकारी उपस्थित रहे। जिन्होंने दीदियों को लोन वितरण प्रक्रिया एवं योजनाओं की जानकारी प्रदान की।

विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए बिहान जैसी योजनाएं मील का पत्थर साबित हो रही हैं। आज गांव की महिलाएँ स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से न केवल अपने परिवार की आर्थिक स्थिति सुधार रही हैं, बल्कि समाज में नेतृत्व की भूमिका भी निभा रही हैं। उन्होंने आगे कहा कि आने वाले समय में सरकार द्वारा इन समूहों के लिए और अधिक सुविधाएँ व प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा मिलेगी।

विभिन्न वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि बिहान मिशन ने ग्रामीण अंचलों की महिलाओं को एक नई पहचान दी है। अब महिलाएं पारंपरिक कार्यों तक सीमित न रहकर कृषि, पशुपालन, लघु उद्योग, हस्तशिल्प, बागवानी, किराना व्यवसाय, सिलाई-बुनाई एवं सेवा क्षेत्र में भी अपनी सक्रिय भागीदारी निभा रही हैं।

### वित्तीय स्वतंत्रता और सामाजिक सम्मान मिला

लोन मेला कार्यक्रम में उपस्थित दीदियों ने भी अपने अनुभव साझा किए और बताया कि कैसे स्व-सहायता समूहों के माध्यम से उन्हें वित्तीय स्वतंत्रता, सामाजिक सम्मान और परिवार के सहयोग में नई ऊर्जा मिली है। संचालन करते अधिकारियों ने बैंकिंग संस्थानों और स्व-सहायता समूहों के बीच समन्वय स्थापित कर आर्थिक गतिविधियों को प्रोत्साहन देना उद्देश्य बताया ।



**ये रहे उपस्थित :** इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष रामबती भंडारी , उपाध्यक्ष रितेश दास जोशी , पदमा कश्यप, बसंत कश्यप, जिला पंचायत सदस्य कामदेव बघेल, चंद्रभान कश्यप, पदमनी कश्यप, मंडल अध्यक्ष मंगतूराम कश्यप, जिला मंत्री बाबुल नाग, जनपद सदस्य दशमी कश्यप, तनुजा ठाकुर, हिड़मो राम मंडावी, कमल सिंह कश्यप, मनीष पोयाम, मुन्ना कश्यप, भरत कश्यप, चंद्रशेखर ठाकुर, ओमप्रकाश ठाकुर, नगेन्द्र तिवारी, सोनमती घोष एवं अनेक जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# हम अकादमी में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

हम अकादमी में स्वामी विवेकानंद तत्वावधान में वार्षिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एम्स से आए विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने स्वास्थ्य सेवा मुहिम के अंतर्गत विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों के स्वास्थ्य का व्यापक परीक्षण किया। जिन विद्यार्थियों में किसी प्रकार की स्वास्थ्य-संबंधी समस्या पाई गई, उनके अभिभावकों को विद्यालय में बुलाकर परीक्षण रिपोर्ट से अवगत कराया गया तथा आवश्यक परामर्श भी दिया गया। इस पहल से अभिभावकों में अपने बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता एवं उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम की सफलता का श्रेय विद्यालय के प्रमुख अध्यक्ष हनीफ बारबटिया, संचालक साहिल बारबटिया, प्राचार्य सच्चिदानंद जोशी तथा उप-प्राचार्या डॉ. आशा जोशी के समन्वित प्रयासों को जाता है। उनके मार्गदर्शन में पूरा कार्यक्रम अत्यंत व्यवस्थित, प्रेरणादायी और सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। अभिभावकों ने विद्यालय प्रशासन की इस पहल की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर विद्यार्थियों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी हैं, अतः ऐसे आयोजन प्रतिवर्ष किए जाने चाहिए।









विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130






# खबर संक्षेप

## आरटीओ की टीम ने धान रकबा का किया निरीक्षण



**जगदलपुर।** बस्तर जिले के अंदरूनी क्षेत्र में कलेक्टर के निर्देश पर क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी मांझी ने टीम के साथ पहुंचकर धान के रकबा का निरीक्षण किया।

## समय सीमा में कार्य पूर्ण करने दिया अल्टीमेटम



**दंतेवाड़ा।** कलेक्टर कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं, जनहित कार्यों और प्रगति रिपोर्ट की विस्तार से समीक्षा की गई। कलेक्टर ने जनकल्याणकारी योजनाओं में लापरवाही पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी अधिकारियों को समयबद्ध कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि स्कूलों के आसपास गुटखा और तंबाकू की दुकानों को हटाने की कार्रवाई की जाए तथा नशा विरोधी कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाएं। यदि किसी संस्था में तंबाकू सेवन पाया गया तो दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा कलेक्टर ने नियद नेल्लानार ग्रामों में प्रधानमंत्री आवासो पर सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की प्रगति पर चर्चा करते हुए गरीब परिवारों को 100 यूनिट तक की सुविधा प्राथमिकता से उपलब्ध कराने और लंबित प्रकरणों का समाधान बैंक एवं वेंडरों के माध्यम से शीघ्र करने के निर्देश दिए गए।

## प्राथमिक शाला भाटपाल में न्योता भोज कराया



**भोण्ड।** प्राथमिक शाला भाटपाल में डाइट बस्तर के द्वितीय वर्ष में अध्ययनरत छात्र-अध्यापकों द्वारा न्योता भोज का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम डाइट नोडल वरिष्ठ व्याख्याता नीता मंडल के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर छात्र-अध्यापकों ने विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों के लिए स्नेहपूर्वक भोजन की व्यवस्था की। न्योता भोज में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पूरे विद्यालय परिसर में हर्षोल्लास का वातावरण बना रहा। विद्यालय के शिक्षकों ने इस सराहनीय पहल के लिए वरिष्ठ व्याख्याता नीता मंडल एवं सभी छात्र-अध्यापकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# हर गांव तक विकास की रोशनी पहुंचाना हमारी प्राथमिकता : गोयल

## मावलीभाटा और राजूर में 25.30 लाख के होंगे काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

- राजूर में प्राथमिक शाला भवन और मावलीभाटा में सीसी सड़क की सौगात



तोकापाल ब्लॉक के ग्राम पंचायत मावलीभाटा एवं राजूर में विकास के नए आयाम की शुरूआत हुई। 25.30 लाख की लागत से निर्माण कार्यों का भूमिपूजन चित्रकोट विधायक विनायक गोयल ने किया।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत राजूर में प्राथमिक शाला सोररास पारा राजूर में नवीन भवन निर्माण लागत 20.30 लाख तथा ग्राम पंचायत मावलीभाटा में सी.सी. सड़क निर्माण 5 लाख का भूमिपूजन किया गया। इन दोनों विकास कार्यों से ग्रामीणों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण, सुगम आवागमन एवं आवश्यक नागरिक सुविधाओं का लाभ प्राप्त होगा।

विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि क्षेत्र के हर ग्राम तक विकास की रोशनी पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है। जनभावनाओं के अनुरूप बुनियादी ढांचे को मजबूत करने का कार्य लगातार जारी है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, सड़क और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत आवश्यकताओं को सुदृढ़ करना ही वास्तविक विकास है, और इसके लिए राज्य सरकार तथा जनप्रतिनिधि मिलकर कार्य कर रहे हैं।

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य कामदेव बघेल, पदमनी कश्यप, जनपद अध्यक्ष रामबती भण्डारी, उपाध्यक्ष रितेश दास जोशी बाबुल नाग, मंडल अध्यक्ष सोमारू राम कश्यप, देवीप्रसाद वेंजाम, मिटकु राम बघेल, चन्द्रकांत भण्डारी, दुर्जन सिंह कश्यप, मुन्ना कश्यप, सोनमती घोष, मनबती बघेल, दीनदयाल मौर्य, अमित भण्डारी, रायसिंह मौर्य, शिवनाथ, नारायण सिंह सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## छू लो आसमान कारली कोचिंग सेंटर की नई उड़ान

# जिले की बेटियों ने नीट एवं जेईई परीक्षा में रचा इतिहास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दंतेवाड़ा



जिले के जिला प्रशासन द्वारा संचालित छू लो आसमान कारली कोचिंग सेंटर ने इस वर्ष एक बार फिर सफलता की नई मिसाल कायम की है। सत्र 2025 में आयोजित नीट एवं जेईई प्रतियोगी परीक्षाओं के परिणामों में इस संस्था की छात्राओं ने उल्लेखनीय सफलता अर्जित कर दंतेवाड़ा जिले का नाम गौरवान्वित किया है। यह केंद्र जिला प्रशासन दंतेवाड़ा की एक महत्वाकांक्षी पहल है, जिसके माध्यम से जिले की छात्राओं को निःशुल्क आवासीय सुविधा, गुणवत्तापूर्ण अकादमिक शिक्षा और राष्ट्रीय स्तर की नीट एवं जेईई कोचिंग उपलब्ध कराई जाती है। इस योजना का उद्देश्य जिले की मेधावी बालिकाओं को समान अवसर प्रदान कर उन्हें डॉक्टर, इंजीनियर और वैज्ञानिक बनने के अपने सपनों को साकार करने हेतु सशक्त बनाना है।

छू लो आसमान कारली की छात्राओं ने नीट परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए चिकित्सा संस्थानों में प्रवेश पाया। कु. रत्ना पिता रामू का चयन स्व. बलीराम कश्यप स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, जगदलपुर में हुआ है। कु. आरती कोड़ोपी पिता देवचंद और कु. सत्या साहनी पिता बन्द्रीनाथ का चयन शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, महासमुंद में हुआ। कु. जान्हवी मुड़ामी पिता नन्दलाल मुड़ामी तथा कु. दीपा मरकाम पिता जोगाराम का चयन शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर में हुआ है। कु. अंजु सोरी पिता चौतू राम सोरी का चयन शासकीय आयुर्वेद कॉलेज, बिलासपुर और कु. कल्पना नाग पिता सुरेन्द्र कुमार नाग का चयन शासकीय आयुर्वेद कॉलेज, रायपुर में हुआ है।

इसी प्रकार जेईई परीक्षा में भी छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग संस्थानों में प्रवेश प्राप्त किया है। कु. किरन उसारे पिता चौनू उसारे का चयन एनआईटी रायपुर, कु. रुद्राक्षी कश्यप पिता जगन्नाथ कश्यप, कु. रंजना नेताम और कु. जागृति कश्यप का चयन एनआईटी नागालैंड में हुआ है। कु. प्रियंका ठाकुर पिता सुरेश ठाकुर का चयन जेईसी जगदलपुर माइनिंग इंजीनियरिंग में हुआ है। इसके अतिरिक्त कु. तिमेश्वरी नाग, कु. आसमती मौर्य, कु. खुशी मंडावी, कु. गीतांजली तिवारी, कु. सुषमा वेक, कु. तंची हेमला का चयन शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, जगदलपुर में हुआ है। कु. सानिया ठाकुर का चयन शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, रायपुर, वहीं कु. मनीषा यादव और कु. काजल विश्वकर्मा का चयन शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, अम्बिकापुर में हुआ है। इन छात्राओं की इस सफलता के पीछे जिला प्रशासन की सुनियोजित रणनीति, सटीक मार्गदर्शन और सतत निगरानी का विशेष योगदान रहा। संस्था में विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर के प्रश्नों का निरंतर अभ्यास कराया गया, साथ ही ऑनलाइन प्रशिक्षण, साप्ताहिक एवं मासिक टेस्ट, मॉड्यूल-आधारित अध्ययन सामग्री और व्यक्तिगत परामर्श की सुविधा दी गई।

# दंतेवाड़ा की मिट्टी में अपार संभावनाएं : अटामी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दंतेवाड़ा



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के विजन और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की नीति गांव-गांव आत्मनिर्भर, हर हाथ को काम के अनुरूप, दंतेवाड़ा जिले में महिलाओं के लिए बांस प्रसंस्करण एवं बांस आधारित ज्वेलरी निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक चैतराम अटामी रहे। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में बंबू लेडी ऑफ इंडिया नीरा शर्मा, डीएफओ जाधव सागर, एसडीओ द्रोपदी ठाकुर, एसडीओ नाग सर, मल्लिका अटामी तथा स्व सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित थीं।

### महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना महत्वपूर्ण कदम

विधायक चैतराम अटामी ने अपने उद्बोधन में कहा आज का यह प्रशिक्षण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के आत्मनिर्भर छत्तीसगढ़ के सपने को साकार करने की दिशा में एक ठोस कदम है। दंतेवाड़ा की मिट्टी में अपार संभावनाएं हैं, यहां की महिलाएं मेहनती हैं, हुनरमंद हैं और अब उन्हें सिर्फ सही मार्गदर्शन और अवसर की जरूरत है। हम चाहते हैं कि यहां के संसाधन, यहां के लोग और यहां का पैसा यहीं रहे। दीपावली में गोबर के दीये हों, रेडी टू ईट फूड हो या बांस उत्पाद, सबकुछ स्थानीय स्तर पर बने ताकि गांव और शहर दोनों का विकास साथ हो। उन्होंने आगे कहा सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के हर प्रयास में उनके साथ है। प्लास्टिक और झिल्ली के उपयोग को कम कर हमें प्राकृतिक संसाधनों की ओर लौटना होगा। यही असली विकास है, जो धरती और जीवन दोनों के लिए शुभ है।

### एक बांस एक लाख का नारा गूंजा

विशिष्ट अतिथि बंबू लेडी ऑफ इंडिया नीरा शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा दंतेवाड़ा और यहां के गांव मेरे अपने हैं। मैंने देश के अनेक राज्यों और विदेशों में भी बांस से बने उत्पादों पर काम किया है, पर दंतेश्वरी की इस पवित्र धरती के लोगों में जो लगन, ईमानदारी और सृजनशीलता है, वह कहीं और नहीं दिखती।

हमारा उद्देश्य केवल प्रशिक्षण देना नहीं, बल्कि आत्मविश्वास जगाना है। यहां के लोग जल्द ही बांस से ज्वेलरी, घरेलू सामग्री और आर्ट उत्पाद बनाकर देशभर में पहचान बनाएंगे। शर्मा ने नारा दिया एक बांस एक लाख, सीखो कमाओ, सोना से कम नहीं, खोने का ग़म नहीं।

### वन विभाग केवल जंगल की रक्षा नहीं आजीविका की भी गारंटी : डीएफओ

डीएफओ जाधव सागर ने कहा वन विभाग केवल जंगलों की रक्षा तक सीमित नहीं है। हम यह सुनिश्चित करने का प्रयास कर रहे हैं कि जंगलों से जुड़े संसाधन ग्रामीणों के जीवन स्तर को भी ऊँचा उठाएं। बांस संसाधन न सिर्फ़ पर्यावरण के लिए उपयोगी हैं बल्कि यह ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ भी बन सकते हैं। कार्यक्रम में एसडीओ द्रोपदी ठाकुर, एसडीओ नाग, मल्लिका अटामी, वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी तथा स्व सहायता समूह की महिलाएं और पुरुष बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं ने आत्मनिर्भरता का संकल्प दोहराते हुए कहा कि वे अब दंतेवाड़ा मेरा गांव, मेरा गर्व के नारे के साथ इस मिशन को घर-घर तक पहुँचाएंगी।

# बिना किसी बर्तन के 15 प्रकार के व्यंजन किए तैयार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ लोहंडीगुड़ा

एडवांस स्काउट मास्टर, गाइड कैप्टन, रोवर लीडर एवं रेंजर लीडर प्रशिक्षण शिविर के अंतर्गत प्रशिक्षणार्थियों हेतु ओवर नाइट हाइक का आयोजन अत्यंत उत्साह और अनुशासन के साथ किया गया। यह हाइक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लोहंडीगुड़ा से प्रारंभ होकर सुरम्य तामड़ाघुमर जलप्रपात तक संपन्न हुई। इस साहसिक यात्रा में प्रदेश के 56 स्काउटर, गाइडर, रोवर तथा रेंजर प्रशिक्षणार्थी सम्मिलित हुए, जिनका मार्गदर्शन 15 सदस्यीय प्रशिक्षक मण्डल ने किया। प्रशिक्षार्थियों ने दिशा ज्ञान, रूट संकेतों, सिग्नलिंग और स्काउट कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

प्रशिक्षक मण्डल के मार्गदर्शन में बिना बर्तन के भोजन बनाने की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें स्काउट विभाग की टाइगर टोली क्रमांक 1 ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। टोली लीडर सतीश भाई पटेल ने बताया कि उनकी टोली ने बिना किसी बर्तन के 15 प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन तैयार किए, जिनका स्वाद चखकर प्रशिक्षक मण्डल ने भरपूर सराहना की। हाइक के दौरान प्रशिक्षणार्थियों ने अनेक प्रकार के गैजेट्स का निर्माण, साहसिक गतिविधियों का प्रदर्शन तथा प्रकृति के सान्निध्य में आत्मनिर्भरता का अभ्यास किया। यह सम्पूर्ण आयोजन हाइक लीडर जेपी पाठक के निर्देशन में संपन्न हुआ।

## विश्व हाथ धुलाई दिवस पर साबुन बैंक का शुभारंभ



**भोण्ड।** बस्तर विकासखंड अंतर्गत माध्यमिक शाला कुड़कानार में विश्व हाथ धुलाई दिवस के अवसर पर साबुन बैंक की शुरुआत की गई। इस पहल का उद्देश्य बच्चों और पालकों में भोजन से पहले तथा शौच के बाद हाथ धोने की आदत विकसित कर सामाजिक एवं व्यवहारिक परिवर्तन लाना है। कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानपाठक धीरेन्द्र यादव ने कहा साबुन बैंक की स्थापना का मुख्य उद्देश्य बच्चों और पालकों में स्वच्छता की आदत को प्रोत्साहित करना है। अक्सर देखा गया है कि बच्चे बीमार पड़ते हैं और उनकी उपस्थिति प्रभावित होती है। इसका एक प्रमुख कारण हाथ न धोने जैसी छोटी लापरवाहियां होती हैं। यदि हम इन आदतों को सुधार लें तो बीमारियाँ हमसे कोसों दूर रहेंगी।
इस अवसर पर ग्राम पंचायत कुड़कानार के सरपंच सामो कश्यप, उपसरपंच हेमनाथ पटेल, धनसाय बघेल, भुवनेश्वर ठाकुर, फूलसिंह बघेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में शिक्षकों में आभा प्रीति एक्का, ममता ठाकुर, नीरज कुमार कुंजाम, शिल्पा शार्वा तथा फूलसिंह यादव की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# कलेक्टर ने स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर दिए आवश्यक निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोंटा

- स्कूल व पीडीएस दुकान का किया निरीक्षण

कोंटा क्षेत्र में लगातार स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर मिल रही शिकायतों के बाद आज सुकमा कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने कोंटा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंच व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान कलेक्टर ने सफाई इत्यादि व्यवस्थाओं को लेकर अपनी नाराजगी जाहिर की। कलेक्टर तकरीबन आधे घंटे से ज्यादा समय तक कोंटा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। इसके बाद कलेक्टर ने एसडीएम कार्यालय पहुंच अधिकारियों से चर्चा की और इतकल गांव पहुंच प्राथमिक शाला में चल रहे शैक्षणिक व्यवस्था का जायजा लिया। मुरलीगुड़ा गांव में आंगनबाड़ीभवन में संचालित राशन दुकान पहुंच राशन वितरण का कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने जायजा लेते हुए राशन लेने आए ग्रामीणों से रूबरू हुए। इस दौरान ग्रामीणों ने कलेक्टर से नमक चना और गुड नहीं मिलने की बात कही। जिस पर कलेक्टर ने आबंटन नहीं आने की बात कहते उन्हें खेलकूद के सामान वितरित करने अधिकारियों को निर्देश दिए। वहीं बंडा पंचायत के कन्याईगुड़ा गांव के कुछ बुजुर्ग महिलाओं ने कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव को पेंशन नहीं मिलने की बात कही और कलेक्टर ने इस पर जवाब नहीं दिया।

## परिवहन विभाग ने वाहन नवीनीकरण के संबंध में जारी किए निर्देश

**दंतेवाड़ा।** जिला परिवहन कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार वाहन स्वामी द्वारा मोटर यान अधिनियम 1988 के प्रावधानों तहत वाहन का पंजीयन कराया जाना है। इसके अन्तर्गत पंजीयन प्रमाण-पत्र, फिटनेस प्रमाण-पत्र के अवसान हो जाने पर मोटरयान अधिनियम की धारा 45, 56 के तहत नवीनीकरण कराया जाएगा। इसके तहत यदि कोई वाहन का स्वामित्व में जिला परिवहन कार्यालय दंतेवाड़ा में पंजीकृत है, तो मोटरयान अधिनियम की धारा 45, 56 के तहत नवीनीकरण हेतु आवेदन करना सुनिश्चित करेंगे। अन्यथा की स्थिति में वाहन के पंजीयन प्रमाण-प्रत्र की निलंबन की कार्यवाही की जाऐगी।
इसी प्रकार प्रत्येक वाहन स्वामी को मोटरयान कर के भुगतान के पश्चात छत्तीसगढ़ मोटरयान कराधान अधिनियम 1991 की धारा 8 (1) 8(2) में विहित प्रावधानों के अधीन घोषणा दर्ज करता है कि उसकी कोई वाहन आपके अपने स्वामित्व में जिला परिवहन कार्यालय दंतेवाड़ा में पंजीकृत है, और उसके द्वारा अतिरिक्त भुगतान किया गया हो तो इसकी पुष्टि हेतु समस्त साक्ष्यों के साथ छत्तीसगढ़ मोटरयान कराधान अधिनियम 1991 की धारा- 8 (1) 8(2) में विहित प्रावधानों के अधीन घोषणा दर्ज करना सुनिश्चित करेंगे।

# बस्तर राइजिंग टीम ढोल नृत्य संग हुई मंत्रमुग्ध



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर

बस्तर राइजिंग अभियान के अंतर्गत बीजापुर पहुंचे प्रतिनिधिमंडल का पारंपरिक आदिवासी नृत्य, स्थानीय व्यंजन और लोक संस्कृति के साथ भव्य स्वागत किया गया। मुख्य कार्यक्रम ऐतिहासिक लोहा डोंगरी में आयोजित हुआ। जहाँ जिले के विभिन्न विभागों द्वारा स्थानीय जीवनशैली, कला और संस्कृति को दर्शाते हुए आकर्षक स्टॉल लगाए गए।

आयोजित प्रदर्शनी में बीजापुर की आदिवासी रसोई की अनोखी झलक देखने को मिली। महुआ की चाय, चापड़ा चटनी, तिखुर का हलवा, मड़ियि पेज और लांदा जैसे पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद चखकर प्रतिनिधिमंडल पूरी तरह से बीजापुर की सांस्कृतिक मिठास में डूब गया। प्रतिनिधियों ने इन व्यंजनों की पारंपरिक विधियों और सांस्कृतिक महत्व के बारे में भी जानकारी ली, जिससे उन्हें बस्तर की समृद्ध पाक परंपरा को करीब से जानने का अवसर मिला। ढोल की थाप पर थिरके प्रतिनिधि- कार्यक्रम की शान बना गौर नृत्य, जिसकी प्रस्तुति के दौरान जैसे ही ढोल और मांदर गूंजे, वातावरण उत्सवमयी हो गया। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने भी आदिवासी कलाकारों के साथ थिरकते हुए इस अनूठे अनुभव को आत्मसात किया। सांस्कृतिक समरसता का प्रतीक बना कार्यक्रम- इस आयोजन में स्व-सहायता समूहों की महिलाएं, गारमेंट फैक्ट्री की महिला कर्मचारी, स्पोर्ट्स अकादमी के खिलाड़ी, और बीजादूत स्वयंसेवक, समेत जिले के विभिन्न हितधारक शामिल हुए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत नम्रता चैबे, संयुक्त कलेक्टर जागेश्वर कौशल, डिप्टी कलेक्टर नारायण प्रसाद गवेल, उत्तम सिंह पंचारी, पंचायत उपसंचालक हिमांशु साहू, जिला शिक्षा अधिकारी लखनलाल धनेलिया तथा एपीसी जाकिर खान ने प्रतिनिधिमंडल का आत्मीय स्वागत कर बीजापुर की विकास यात्रा व सांस्कृतिक पहचान से अवगत कराया।

# ग्राम बोदली, उपेट में नशा मुक्ति जन जागरूकता कार्यक्रम हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दंतेवाड़ा



समाज कल्याण विभाग द्वारा प्राप्त जानकारी गीदम के ग्राम बोदली, उपेट में विगत दिवस ग्राम पंचायत बोदली में नशा मुक्ति जन जागरूकता कार्यक्रम रखा गया था। जिसमें सरपंच, उप सरपंच पांच व ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र, हारम जिला दंतेवाड़ा के परियोजना समन्वयक रितेश तिवारी एवं सामाजिक कार्यकर्ता प्रतीक मिश्रा उपस्थित रहे।

# नितिन दुबारा निर्विरोध बने ब्लॉक अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गीदम



सहायक शिक्षक, समग्र शिक्षक फेडरेशन की गीदम ब्लॉक इकाई का बहुप्रतीक्षित चुनाव स्वराज भवन गीदम में सौहार्दपूर्ण और लोकतांत्रिक वातावरण में सम्पन्न हुआ। फेडरेशन के प्रांतीय पदाधिकारी एवं निर्वाचन अधिकारी तिरपरेश चापड़ी तथा विजेन्द्र गुप्ता किरंदुल की गरिमामयी उपस्थिति रही।

चुनाव प्रक्रिया के दौरान शालेय शिक्षक संघ ब्लॉक अध्यक्ष केशव स्वर्ण, धर्मेन्द्र सोनी, कैलाश कश्यप, इनोर राम कवासी, ज्ञानेंद्र चतुर्वेदी, दीपक शास्त्री, कलेश कोर्राम, जीवन ठाकुर, प्रमिला वेक सहित फेडरेशन के सहायक शिक्षक, शिक्षक, प्रधानपाठक एवं वरिष्ठ पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। उपस्थित सभी शिक्षकों ने एकजुट होकर संगठनात्मक मजबूती और शिक्षक हितों की दिशा में एक नई ऊर्जा का संचार किया। निर्वाचन अधिकारी तिरपरेश चापड़ी ने पूरी प्रक्रिया का विस्तारपूर्वक विवरण देते हुए बताया कि फेडरेशन द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम अनुसार ब्लॉक अध्यक्ष पद हेतु नामांकन फार्म आमंत्रित किए गए थे। निर्धारित अवधि में विकासखंड गीदम से केवल एक नामांकन पत्र प्राप्त हुआ, जो नितिन विश्वकर्मा द्वारा भरा गया था। किसी अन्य प्रत्याशी द्वारा आवेदन न किए जाने पर निर्वाचन समिति ने नियम अनुसार विश्वकर्मा को निर्विरोध रूप से ब्लॉक अध्यक्ष घोषित किया।

निर्वाचन घोषणा के पश्चात उपस्थित शिक्षकों ने तालियों की गड़गड़ाहट और फूलमालाओं से नितिन विश्वकर्मा का स्वागत किया। सभी ने बधाई देते हुए उनके नेतृत्व में संगठन को एक सशक्त, सक्रिय और एकजुट स्वरूप देने की कामना की। वक्ताओं ने कहा कि नितिन विश्वकर्मा ने अपने पिछले कार्यकाल में शिक्षक हितों की रक्षा, समस्याओं के निराकरण एवं फेडरेशन को मजबूत करने में सराहनीय कार्य किया है। उनके नेतृत्व में संगठन ने कई उपलब्धियाँ अर्जित कीं और शिक्षकों के बीच आपसी एकता व सम्मान की भावना को प्रोत्साहित किया। फेडरेशन के वरिष्ठ सदस्यों ने इस अवसर पर कहा कि विश्वकर्मा का निर्विरोध निर्वाचन इस बात का प्रमाण है कि शिक्षकों का विश्वास और समर्थन उनके साथ है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि आने वाले समय में उनके नेतृत्व में फेडरेशन गीदम ब्लॉक के शिक्षकों की समस्याओं के समाधान, नीतिगत मांगों की पूर्ति और संगठनात्मक विस्तार की दिशा में और अधिक प्रभावशाली कार्य करेगा। इस अवसर पर उपस्थित सभी शिक्षकों ने एक स्वर में कहा कि एकता ही संगठन की शक्ति है और नितिन विश्वकर्मा के नेतृत्व में यह शक्ति और भी सुदृढ़ होगी।

**न्यायालय तहसीलदार तोकापाल**
**जिला बस्तर छ.ग.**

रा.प्र.क्र. / क / तह. / 2024-25
तोकापाल दिनांक 15/10/2025

**-- उद्घोषणा--**

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका खिरमनी पति जयवन्त जाति मुरिया निवासी ग्राम केशलूर तहसील तोकापाल जिला बस्तर छ.ग. के द्वारा मेरे न्यायालय में मृत्यु पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसमें आवेदक अपने पिता स्व. सोमारू/सुकमन मृत्यु तिथि 1/1/2020 दर्शाया गया है। ग्राम पंचायत केशलूर के अंतर्गत है। यह उद्घोषणा ग्राम पंचायत के सूचना पटल में देखा जा सकता है। अर्थात उपरोक्त आवेदन पत्र के तारतम्य में मृत्यु तिथि के संबंध में किसी व्यक्ति/ग्रामवासी/पंचायत को किसी भी तरह कोई आपत्ति है तो वह न्यायालय की पेशी तिथि 29/10/2025 को स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा/आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। पेशी पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

उद्घोषणा आज दिनांक 15/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

पेशी दिनांक 29/10/2025

मुहर
**तहसीलदार**
**तोकापाल**

**न्यायालय तहसीलदार जगदलपुर**
**जिला बस्तर छ.ग.**

**// उद्घोषणा//**

रा.प्र.क्रं./ /ब-121/2024-2025

इस उद्घोषणा के द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक सामनाथ पिता सोमारू उम्र 61 वर्ष, जाति भतरा निवासी बालीकोंटा तह. जगदलपुर जिला बस्तर छ.ग. द्वारा स्वयं का जन्म प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु आवेदन पेश किया गया है।

अतः आवेदक द्वारा स्वयं का जन्म दिनांक 15/06/1963 को होना बताया है। उक्त संबंध में सामनाथ पिता सोमारू उम्र 61 वर्ष, जाति भतरा निवासी बालीकोंटा तह. जगदलपुर जिला बस्तर का जन्म प्रमाण पत्र जारी किये जाने पर यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति हो, तो वे स्वंय या अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत तिथि 30/10/2025 तक दावा या आपत्ति पेश कर सकते है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं होगी।

आज दिनांक 15/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा सहित जारी किया ।

मुहर
**तहसीलदार एवं कार्यपालिक**
**दण्डाधिकारी जगदलपुर**
**जिला-बस्तर**




अलंकार ज्वेलर्स । भावना ज्वेलर्स । भव्य ज्वेलर्स । चन्दन ज्वेलर्स । चंपालाल टाटिया ज्वेलर्स । देवेंद्र ज्वैलर्स । गौरव ज्वेलर्स । जे. महेंद्रकांत ज्वेलर्स । जय लक्ष्मी ज्वेलर्स किशन ज्वेलर्स । कुमकुम ज्वेलर्स । लक्ष्मी ज्वेलर्स । ललित ज्वैलर्स । महालक्ष्मी ज्वेलर्स । महावीर ज्वेलर्स । मनीष ज्वेलर्स । मोती ज्वेलर्स । मुस्कान ज्वेलर्स । नानेश ज्वेलर्स । ओम ज्वेलर्स । पारस ज्वेलर्स प्रभात ज्वेलर्स । प्रेमराज संतोष कुमार बाफना ज्वेलर्स । श्रद्धा ज्वेलर्स । श्री कृष्णा ज्वेलर्स । श्री लुंकड़ ज्वेलर्स । श्री वेंकटेश्वरा ज्वेलर्स । सिल्वर पैलेस । त्रिशला ज्वेलर्स । विकास ज्वेलर्स




